# नोएडा में 61 केंद्रों पर शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा

## साल्वर गिरोह पर रहेगी नजर, पूरे प्रदेश में परीक्षा 22 मार्च तक आयोजित की जाएंगी

● सभी केंद्रों पर नकल को रोकने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र में पेपर देने जाते परीक्षार्थी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं आज (सोमवार) से 22 मार्च 2025 तक आयोजित की जा रही है। नोएडा और ग्रेटरनोएडा में 61 केंद्रों पर परीक्षा कराई जा रही है। इसकी पहली पाली में परीक्षा शुरू हो चुकी है। सभी केंद्रों पर नकल को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सॉल्वर गिरोह पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

गौतमबुद्धनगर जिले में 41890 छात्र-छात्राएं बोर्ड की परीक्षा दे रहे है। एक्जाम सेंटरों पर 2300 अध्यापकों को तैनात किया गया है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। परीक्षा केंद्र पर स्ट्रांग रूम में पाली वार प्रश्नपत्रों के सुरक्षित रख.रखावए शेष प्रश्नपत्रों व बंडल स्लिप को रखने के लिए तीन लोहे के डबल लॉक अलमारी की व्यवस्था की गई है। जिले के 61 परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त पुलिसबल की व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों पर आकस्मिक निरीक्षण के लिए पांच सचल दल गठित किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर चार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य संकलन केंद्र पर उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए चौबीस घंटे के लिए सशस्त्र पुलिस बलों की व्यवस्था की गई है। प्रश्नपत्रों के बंडल केंद्र तक पहुंचाने के लिए जिस वाहन का सहारा लिया जाएगा उसमें भी दो पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। किसी भी कीमत पर परीक्षार्थी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। नकल को रोकने के लिए सॉल्वर गिरोह पर पुलिस की विशेष नजर है।

### कॉलेज की लापरवाही से छात्र का पेपर छूटा

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के पीबीएएस इंटर कॉलेज में दसवीं कक्षा के छात्र की बोर्ड परीक्षा कॉलेज प्रशासन की लापरवाही के कारण छूट गई। वेदविहार कॉलोनी के निवासी अभय भारद्वाज को समय पर एडमिट कार्ड नहीं दिया गया। कॉलेज में 20 फरवरी से एडमिट कार्ड का वितरण चल रहा था। छात्र के अनुसार कॉलेज प्रशासन ने आधार कार्ड में खामी का हवाला देकर उसका एडमिट कार्ड रोक लिया। परीक्षा के दिन सुबह साढ़े आठ बजे कॉलेज से फोन आया कि एडमिट कार्ड ले जाएं। जब छात्र कॉलेज पहुंचाए तो उसे बताया गया कि उसका परीक्षा केंद्र जनता इंटर कॉलेज पतला है। देरी से एडमिट कार्ड मिलने के कारण वह समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सका। छात्र ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पहले दिन ही छोड़ी दो हजार से अधिक छात्रों ने हिंदी की परीक्षा

● आसान पेपर आने से से खिले छात्रों के चेहरे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हाईस्कूल की हिन्दी विषय की परीक्षा सोमवार को होने के साथ ही यूपी बोर्ड की परीक्षाओं का आगाज हो गया है। हालांकि पहले दिन ही 2036 छात्रों ने हिन्दी की परीक्षा छोड़ दी। हालांकि प्रश्नपत्र आसान होने से परीक्षार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्रों ने बताया कि गद्य और पद्य साहित्य के प्रश्न सरल थेए परीक्षा से पूर्व छात्रों में जो डर थाए वह प्रश्नपत्र हाथ में लाते ही उनका डर समाप्त हो गया। यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए जिले में 66 केन्द्र बनाए गए हैं जहां हाईस्कूल.इंटर के 5× हजार ×92 छात्र पंजीकृत हैं। सुबह की पहली परीक्षा हिन्दी विषय की परीक्षा थी जिसमें हाईस्कूल के 28 हजार 605 छात्र रजिस्डर्ट थे। लेकिन इसमें से पहली परीक्षा ही 20×6 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा सुबह आठ बजे से शुरू हुई। परीक्षा शुरू होने से पूर्व ही केन्द्रों पर परीक्षार्थियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। पहला दिन होने के कारण कुछ केन्द्रों में परीक्षा शुरू होने में कुछ समय लगा थाए लेकिन व्यवस्था दुरूस्त होने के बाद परीक्षा सामान्य रूप से संचालित की गई। हालांकि इंटर की सैन्य विज्ञान विषय की भी परीक्षा पहली पाली में थीए लेकिन इस विषय का एक भी परीक्षार्थी जिले में पंजीकृत नही था। पहली परीक्षा पौने 12 बजे सम्पन्न हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र प्रश्नपत्रों के बारे में एकदूसरे से सवाल पूछते नजर आए। वहीं पहली परीक्षा होने के चलते सहायक शिक्षा निदेशक मेरठ मंडल द्वारा ऑनलाइन केन्द्रों को पर्यवेक्षण किया गया तो वहीं डीआईओएस धर्मेन्द्र शर्मा परीक्षा के दौरान कंट्रोल रूम में केन्द्रों पर निगरानी करते रहे। पहले दिन कहीं से भी किसी केन्द्र पर कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

### टीका लगाकर किया छात्रों का स्वागत

**गाजियाबाद ।** आज यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा परीक्षा थी जिसके चलते गोविंदपुरम स्थित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों का स्वागत विद्यालय की प्रचार्या डॉण्सीमा सेठी सहित अन्य शिक्षिकाओं ने टीका लगाकर व फूल बरसा कर किया। शिक्षकों ने छात्रों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी वह प्रश्नपत्र हल करने की टिप्स भी दिए।

# टायर फटने से सीमेंट से भरा ट्रैक्टर-ट्राली ट्रक से टकराया, हादसे में चालक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड पर धूम मानिकपुर गांव के समीप सीमेंट से भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली का टायर फटने के चलते अनियंत्रित हो गया । जिससे साइड में खड़े ट्रक का चालक चपेट में आने से मौत हो गई । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया । पुलिस उसकी तलाश में लगी है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार को सीमेंट के कट्टे भरकर ट्रैक्टर ट्राली धूम मानिकपुर गांव की तरफ जा रहा था । ट्रेक्टर ट्राली की तीव्र गति होने के चलते धूम मानिकपुर के समीप पहुंचते ही पीछे का टायर फट गया । जिससे अनियंत्रित होने पर साइड में खड़े ट्रक से जा टकराया । जिससे ट्रक चालक जनपद एटा के नंगला चांदी गांव निवासी कृपाल सिंह चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों ने अस्पताल ले गए। अस्पताल में उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया । घटना की सूचना पाकर परिजन भी पहुंच गए ।

### अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

**नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के खटाना गांव स्थित एक इंटर कॉलेज के समीप से जांच के दौरान पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद कर कार्रवाई की गई है । पुलिस ने बताया कि जारचा कोतवाली क्षेत्र के खटाना गांव स्थित राणा कुंभा इंटर कॉलेज के पास पुलिस जांच कर रही थी । तभी मिल्क खटाना गांव निवासी सागर पैदल जा रहा था । पुलिस को देखकर वह मिल्क गांव की तरफ मुड़ गया । आशंका होने पर पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ में बताया कि वह घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहा था। अभियुक्त के कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद किया गया।

# शिवरात्रि : दूधेश्वर मंदिर रोड पर वाहनों का आवागमन बंद

● पुलिस ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जीटी रोड तक लगाया बेरिकेट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


दूधेश्वर नाथ मंदिर के रास्ते पर लगी बेरीकेडिंग, मौके पर तैनात पुलिस बल।

महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को है जिसे लेकर शहर के ऐतिहासिक श्रीदूधेश्वरनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। जिसे लेकर पुलिस प्रशासन जलाभिषेक की तैयारी में जुट गया है।

महाशिवरात्रि पर्व के चलते दूधेश्वरनाथ मंदिर जाने वाले रास्तों पर बेरिकेट्स लगाकार वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया है। इसकी वजह से जिला महिला अस्पताल तक आने में मरीजों को मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं मंदिर के रास्ते में जगह-जगह बेरिकेट्स लगने चलते छात्रों को भी मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं। दूधेश्वरनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में मंदिर प्रशासन की ओर से जहां जलाभिषेक को लेकर मेले का आयोजन किया जा रहा है वहीं पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। सोमवार से ही मंदिर की ओर जाने वाले रास्तों को बेरीकेट्स लगाकर बंद कर दिया गया है। दूधेश्वरनाथ रोड पर सिर्फ पैदल यात्रियों को ही जाने की परमिशन दी जा रही है। इसकी वजह से इस रोड पर चलने वालों को समस्याएं हो रही हैं। वहीं बेरिकेट्स जीटी रोड तक जिला अस्पताल और दिल्ली गेट तक लगा दी गई हैं जिसकी वजह से एक साइड रोड भी वाहनों के आवागमन के लिए बंद हो गई है। जीटी रोड से लेकर मंदिर परिसर तक कई लाइन की बेरिकेट्स लगाई जा रही हैं जिससे महिला व पुरूष श्रद्धालु सीधे मंदिर पहुंच सके और जलाभिषेक के उपरांत मंदिर से बाहर निकलकर दूसरी साइड से निकल जाएं। शिवरात्रि का जलाभिषेक 26 फरवरी को होगा।

# दुकान के झगड़े में तीन महिला समेत पांच लोग हुए घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोतवाली दादरी क्षेत्र के दतावली गांव में दुकान खरीदने को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडों के चलने पर तीन महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

मारपीट की घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई है । दोनों तरफ से रिपोर्ट कोतवाली में सात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली दादरी क्षेत्र के दतावली गांव में दो साल पहले शेरू ने गांव के ही आबिद से दुकान खरीदी थी। आपस में पैसों का हिसाब हो गया था। आबिद नशे का आदि है। जो आए दिन दुकान के और पैसे मांगता है। इस बात को लेकर 23 फरवरी को आबिद व शेरू में झगड़ा हो गया। इसी को लेकर दोनों गुटों के बीच लाठी डंडे चले। जिसमें सुल्ताना, रुबीना, परवीन, सिराजू व समीर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### गाजियाबाद में नशीला स्प्रे कर 15 बकरियों की चोरी

**गाजियाबाद।** थाना वेव सिटी के डासना इलाके में बकरीद से पहले बड़ी चोरी हुई है। चोरों ने मोहम्मद शौकीन की 15 बकरियां चुरा लीं। शौकीन ने बकरीद पर बेचने के लिए ये बकरियां पाल रखी थीं। शौकीन ने बकरियों के लिए घर के बाहर छप्पर बनवाया था। तीन लोग बकरियों की रखवाली कर रहे थे। चोरों ने पहले रखवालों पर नशीला स्प्रे किया। इससे तीनों बेहोश हो गए। फिर बकरियों को भी नशे का इंजेक्शन लगायाए ताकि वे शोर न करें। चोरों ने चाकू से बकरियों की रस्सियां काटीं और उन्हें गाड़ी में भरकर ले गए।

# सोसाइटी में नौकर ने महिला को बंधक बनाकर की लूटपाट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के रिहाइशी सोसाइटी में एक महिला को घर में बंधक बनाकर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चोरों को पकडने के लिए टीम का गठन किया गया है। बताया गया पीड़िता नोएडा के एक नामी बिल्डर की पत्नी है।

पीड़िता सुमन यादव पत्नी राकेश यादव सेक्टर-61 में परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि घर के काम काज करने के लिए बिहार निवासी राहुल को रखा था। राहुल चार दिन पहले ही घर से आया था। 22 फरवरी की शाम करीब साढ़े छह बजे राहुल दो साथियों के साथ घर पर आया। उस समय मैं अकेली थी। तीनों ने मुझे बंधक बना लिया। इसके बाद राहुल ने अलमारी की चाबी लेकर लॉकर में रखा जेवर और नगदी चोरी की। साथ ही प्रॉपर्टी के पेपर भी लेकर चले गए। तीनों ने मिलकर घर का कीमती सामान चोरी किया।

# इंटरनेशनल साइबर अपराधियों के गैंग का खुलासा, नाइजीरियन समेत दो गिरफ्तार

● पुलिस ने 75 लाख ठगी का किया खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कुछ समय पूर्व गाजियाबाद निवासी एक करोबारी के साथ हाईटैक तरीके से की गई लगभग पौन करोड़ की ठगी की वारदात का खुलासा करते हुए साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी की टीम ने साइबर क्रिमिनलों के इंटरनेशनल गैंग के दो शातिर ठगों को वैज्ञानिक एवं भौतिक तरीके अपनाकर दबोच लिया। सूत्रों के अनुसार इस गैंग का सरगना जहां स्टेनर उर्फ स्टोफर नामक एक नाइजिरियन साइबर क्रिमिनल है वहीं उसके साथ पकड़े गये दूसरे साइबर क्रिमिनल का नाम गौरव निवासी राजनगर एक्सटेंशन नन्दग्राम है। सूत्रों ने बताया कि कुछ समय पूर्व गाजियाबाद में कारोबार करने वाले एक व्यवसायी ने साइबर थाने में साइबर क्राइम की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया था कि शिपिंग ट्रेडिंग के नाम से ऑन लाइन ठगी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गैंग ने उसके कैमिकल की खेप दिलवाने के नाम पर उससे लगभग 80 लाख रुपये हड़प लिये। मामले के संज्ञान में आते ही साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी की टीम एक्शन मोड पर आ गई थी। कुछ समय के अंदर ही तिवारी की टीम ने दो क्रिमिनलों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। सूत्रों के अनुसार यह गैंग फर्जी वेब साइट बनाकर कारोबारियों को मोटा मुनाफा का झांसा देता था।

# खुले में शराब पीने पर एक रात में 556 लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन घंटे के विशेष अभियान में 556 लोगों को गिरफ्तार किया। यह अभियान रात 7 बजे से 10 बजे तक चला। कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए इस अभियान में सबसे ज्यादा गिरफ्तारी नगर जोन से हुई।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसारए नगर जोन में 295 लोगों को पकड़ा गया। इनमें विजयनगर से 72, घंटाघर से 59, नंदग्राम से 52, मधुबन बापूधाम से 49, कवि नगर से 42 और सिहानी गेट से 21 लोग शामिल हैं। देहात जोन में कुल 140 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक से 30, लोनी से 26, लोनी बॉर्डर से 20 और मुरादनगर से 15 लोग पकड़े गए। इसके अलावा मसूरी से 13, वेव सिटी से 9, अंकुर विहार और भोजपुर से 6-6, निवाड़ी से 5 और टोनिका सिटी से 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार खुले में शराब पीने वालों की वजह से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। सभी गिरफ्तार लोगों का मेडिकल कराया गया और पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया।

डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष पाटिल ने बताया शराब पीते हुए 121 को पकड़ा गया। जिसमें इंदिरापुरम से 18, कौशांबी से 21, खोड़ा 15, साहिबाबाद से 21, लिंक रोड से 10 शालीमार गार्डन से 15 टीला मोड़ से 21 को पकड़ा गया।

### शराब दुकान में सेंधमारी कर एक लाख कैश और 50 हजार की शराब चुराई

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित कादराबाद में एक शराब दुकान से चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने दीवार में सेंध लगाकर दुकान से एक लाख रुपये की नकदी और 50 हजार रुपये की शराब चुरा ली। घटना विनीत चौधरी और अमित मित्तल की बियर और अंग्रेजी शराब की दुकान में हुई। दुकान कादराबाद पेट्रोल पंप के सामने स्थित है। दुकान में तीन सेल्समैन काम करते हैं . हरेंद्र चौधरीए हरेंद्र राठी और अतुल। चोरी का पता तब चला जब सुबह सेल्समैन दुकान खोलने पहुंचे। उन्होंने देखा कि दुकान का सामान बिखरा हुआ था। पीड़ितों के अनुसारए शनिवार को बैंक बंद होने के कारण वे दिन का कैश जमा नहीं कर पाए थे। दुकान मालिकों के मुताबिक अंग्रेजी शराब की दुकान में रखे करीब 2 लाख रुपये चोरों की नजर से बच गए। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश कर रही है।

### ट्रांसफार्मर में आग लगने से मची अफरा तफरी

**नोएडा।** नगर के रेलवे रोड स्थित आर ओ बी पुल के पास तुलसी विहार कॉलोनी में 250 केवीए के बिजली ट्रांसफार्मर में आग लग गई । जिससे आसपास के लोगों में हलचल मच गई। दमकल की गाड़ी ने पहुंच आग पर काबू पाया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

जीटी रोड स्थित चिटहेरा बिजली घर से रेलवे रोड स्थित तुलसी विहार कॉलोनी के लिए बिजली सप्लाई के लिए रेलवे रोड पर आरओबी पुल के समीप 250 केवीए का बिजली ट्रांसफार्मर लगा है। रविवार को बिजली की चिंगारी से पास के कूड़े में आग लग गई । जिससे बिजली के ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई। आग की लपटें तेज होने से दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई।

# जच्चा-बच्चा की मौत पर कृष्णा अस्पताल का लाइसेंस रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित कृष्णा अस्पताल का लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। यह कार्रवाई गर्भवती महिला और उसके नवजात की मौत के मामले में की गई है।

2 जनवरी को 28 वर्षीय कोमल नाम की गर्भवती महिला को दादरी के रेलवे रोड स्थित कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डिलीवरी के दौरान मां और बच्चे दोनों की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला पूरी रात प्रसव पीड़ा से तड़पती रही। अस्पताल में ऑपरेशन की बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं। जब महिला की हालत बिगडने लगी तब अस्पताल प्रबंधन ने उसे दूसरे अस्पताल रेफर करने की सलाह दी। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। परिजनों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की। सीएमओ ने एक विशेष डॉक्टर कमेटी का गठन किया। जांच में अस्पताल की गंभीर लापरवाही सामने आई। इसके बाद सीएमओ ने तत्काल प्रभाव से अस्पताल का लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन निरस्त करने का आदेश दिया। वहीं सीएमओ ने कहा कि ऐसे मामलों के लिए नोडल अधिकारी को भी तैनात किया गया है। अगर किसी अस्पताल के द्वारा ऐसी लापरवाही बरती जाएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

### चेकिंग के दौरान 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के गेसू पुर रोड पर चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जारचा कोतवाली क्षेत्र के गेसू पुर गांव को जाने वाले रोड पर इनामी बदमाश के घूमने की मुखबिर से सूचना मिली थी । सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दी । सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के गेसू पुर गांव निवासी सोनू पर 25 हजार का इनाम जनवरी माह में गौतम बुध नगर पुलिस ने घोषित किया था । पुलिस ने बदमाश सोनू को गेसूपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। सोनू गैंग बनाकर चोरी व नकबजनी जैसी घटनाओं को अंजाम देता है और जनता में आतंक फैलाता है।

# सेंट्रल नोएडा में शादी में हर्ष फायरिंग से दो लोग घायल

● साकीपुर स्थित आशीर्वाद मैरिज होम में हुई घटना, घायलों में मुरैना और फिरोजाबाद के युवक शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया के अनुसार, शादी समारोह के दौरान कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग की। सेंट्रल नोएडा के सूरजपुर में एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग से दो लोग घायल हो गए। घटना रविवार रात साकीपुर स्थित आशीर्वाद मैरिज होम में हुई। घायलों में मुरैना के श्रीमती गांव के 35 वर्षीय हलवाई संतोष और फिरोजाबाद के कोटरा मानिकपुर के 23 वर्षीय ईश्वर दयाल शामिल हैं। दोनों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया के अनुसारए शादी समारोह के दौरान कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग की। फायरिंग से मौके पर अफरा.तफरी मच गई। फायरिंग करने वाला आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है।

# दो घटनाओं के बाद शादी समारोह में हथियार ले जाने पर लगी रोक

● फायरिंग होने पर प्रतिष्ठान के मालिक के खिलाफ होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में हर्ष फायरिंग के दो मामले सामने आ चुके हैं। इसमें अगाहपुर में एक ढाई साल के बच्चे की गोली लगने से मौत हो गई थी। वही रविवार को हर्ष फायरिंग में दो हलवाई को गोली लगी। दोनों का इलाज ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में चल रहा है। इन दोनों घटनाओं के बाद नोएडा पुलिस ने जनपद के सभी बैंकुंट हॉलए सामुदायिक केंद्र को नोटिस जारी कर गाइड लाइन जारी की है। ताकि इस तरह की घटना को रोका जा सके। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त एक्शन लेने की बात कही गई है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि नोएडा के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में शादी समारोह व अन्य अवसरों पर होने वाले अपराधए हर्ष फायरिंगए चोरीए मारपीटए बिना लाइसेंस शराब का सेवनए लाउड म्यूजिक व वाहनों की पार्किंग समस्या को लेकर संचालकों को नोटिस जारी कर आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने कहा कि अगर शादी समारोह में कोई हथियार के साथ आता है और हर्ष फायरिंग जैसी घटना होती है तो प्रतिष्ठान के मालिक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### हाईवे पर बारातियों की मनमानी, रोकी गाड़ियां

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 17 सेकंड के वीडियो में युवा कारों के ऊपर से आतिशबाजी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 17 सेकंड के वीडियो में दिखाई दे रहा है कि युवा कारों के ऊपर से आतिशबाजी कर रहे हैं। गाजियाबाद के नेशनल हाईवे 09 पर बारातियों की मनमानी का मामला सामने आया है। थाना वेव सिटी क्षेत्र में बारात में शामिल युवाओं ने हाईवे पर अपनी कारें खड़ी कर दीं। इससे वहां जाम की स्थिति बन गई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 17 सेकंड के वीडियो में दिखाई दे रहा है कि युवा कारों के ऊपर से आतिशबाजी कर रहे हैं। कुछ लोग हाथों से भी पटाखे फोड़ रहे हैं। यह घटना वेव सिटी कॉलोनी के बाहर नेशनल हाईवे पर हुई। मामला सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है।

## हथियारों को ले जाने के संबंध में गाइडलाइन


प्रतीकात्मक फोटो।

- *समारोह में हथियार के साथ सामान्य प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहे। शस्त्र प्रदर्शन व हर्ष फायरिंग की घटना होने पर हथियार चलाने वाले के साथ प्रतिष्ठान मालिक की जिम्मेदारी तय करते हुए एक्शन लिया जाएगा।*
- *प्रतिष्ठानों के फायर सिस्टम चालू अवस्था में हो। फायर अलार्म का स्विच ऑफ न किया जाए।*
- *विद्युत सुरक्षा को ध्यान में रखा जाये।*
- *आयोजन स्थल के पास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था हो। वाहन रोडए बिना पार्किंग एरिया में पार्क न करायें जाए ताकि जाम की स्थित नहीं बने।*
- *बिना अनुमतिध्लाइसेंस शराब का सेवन न करायें।*
- *अतिथियों से अनुरोध करें कि वे शराब का सेवन कर वाहन न चलाए।*
- *सीसीटीवी कैमरे रिकार्डिंग क्षमता के साथ अवश्य लगाए जाए। आपत्तिजनक घटना होने की स्थिति स्पष्ट हो सके एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा सके।*
- *डीजेए लाउडस्पीकर उपयोग के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।*
- *यदि किसी को पुलिस सहायता की आवश्यकता है तो संबंधित थाने अथवा डॉयल.112 पर सूचना दे।*

# निकाय चुनावः सीएम ने जारी किया संकल्प पत्र

## प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल व अरविंद शर्मा सहित सभी सदस्य हुए शामिल

पीएनएस। रोहतक/फरीदाबाद

सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने निकाय चुनाव संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष विपुल गोयल, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि यह संकल्प पत्र महज एक दस्तावेज नहीं, बल्कि हरियाणा के सतत विकास का मार्गदर्शक सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा की सरकार प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

विपुल गोयल ने संकल्प पत्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें नागरिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि जल एवं सीवरेज कनेक्शन शुल्क माफ करने, मकान एवं भूमि के स्वामित्व अधिकार प्रदान करने, उन्नत ट्रांसपोर्ट व्यवस्था लागू करने तथा पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित करने के लिए भाजपा सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व में विधानसभा चुनाव संकल्प पत्र में किए गए 18 वादे मात्र 100 दिनों के भीतर पूर्ण किए गए, और इसी प्रतिबद्धता के साथ निकाय चुनाव के सभी वादों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। संकल्प पत्र में भूमि, जल, स्वच्छता, ऊर्जा, महिला सशक्तिकरण, सीवरेज, शिक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी गई है। भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार के तहत प्रत्येक निकाय में योग केंद्र, ऑक्सीजन पार्क, ओपन जिम एवं दिव्यांगजन हेतु विशेष सुविधाओं के साथ आदर्श पार्क विकसित किए जाएंगे। साथ ही, स्थानीय निकायों में जनसंख्या घनत्व के आधार पर आधुनिक कम्युनिटी हॉल एवं टियर-2 तथा टियर-3 शहरों में अत्याधुनिक लाइब्रेरी स्थापित की जाएंगी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा तथा सफाई कर्मियों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर 'पिंक टॉयलेट' स्थापित किए जाएंगे, जिनमें सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की सुविधा होगी।

प्रत्येक वार्ड में सोलर-पावर्ड स्ट्रीट लाइट की संख्या दोगुनी की जाएगी, और एक लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को नि:शुल्क सोलर पैनल प्रदान किए जाएंगे। परिवहन व्यवस्था को उन्नत करने हेतु पीपीपी मॉडल के तहत इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा, जिससे नागरिकों को किफायती एवं पर्यावरण-संवेदनशील परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके। स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक निकाय में ड्राई एवं वेट वेस्ट के लिए पृथक कचरा निस्तारण संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सभी स्थानीय निकायों में जल एवं सीवरेज कनेक्शन शुल्क को माफ करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।


संकल्प पत्र जारी करते सीएम नायब सैनी, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व अन्य नेता।

# एथलीट मीट में छात्र-छात्राओं ने बहाया पसीना

● कॉलेज की एथलीट में 800 मीटर दौड़ में छात्रों में सुनील व छात्राओं में रिया शर्मा रही प्रथम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यू यादव ने मुख्यातिथि रहे। प्रसिद्ध खिलाड़ी मनीष यादव विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 800 मीटर छात्रों की दौड़ में सुनील प्रथम, नीरज द्वितीय तथा निकेश तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर छात्राओं की दौड़ में रिया शर्मा प्रथम, संजना यादव द्वितीय तथा मनीषा तृतीय स्थान पर रहे। भाला फेंक छात्रों की प्रतियोगिता में राहुल यादव प्रथम, हिमांशु द्वितीय तथा सचिन शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। भाला फेंक छात्राओं की प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम, चिंकी द्वितीय तथा कोमल तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर छात्रों की प्रतियोगिता में सुनील प्रथम, .रोहित ने दूसरा तथा भावेश ने तीसरा पुरस्कार जीता। 400 मीटर छात्राओं की दौड़ में रिया प्रथम, खुशबू द्वितीय तथा चिंकी तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर छात्रों की दौड़ में सुनील प्रथम, रोहित द्वितीय तथा राहुल तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर छात्राओं की दौड़ में रिया प्रथम, कोमल द्वितीय तथा खुशबू तृतीय स्थान पर रही। छात्राओं की लंबी कूद में रिया प्रथम, चिंकी द्वितीय तथा कोमल तृतीय स्थान पर रहे। छात्रों की लंबी कूद में भावेश ने प्रथम, राहुल यादव ने द्वितीय तथा हितेश यादव ने तृतीय पुरस्कार जीता। लड़कियों के शॉटपुट प्रतियोगिता में रिया ने प्रथम, प्रियंका द्वितीय तथा चिंकी ने ने तृतीय पुरस्कार जीता। छात्रों की शॉटपुट प्रतियोगिता में देवेंद्र ने प्रथम, निकेश ने द्वितीय तथा हर्ष ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्रों की 1500 मीटर दौड़ में सुनील ने प्रथम, नीरज ने द्वितीय तथा निकेश ने तृतीय पुरस्कार जीता। डा. सत्यमन्यु यादव ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत अधित महत्व होता है। प्राचार्या मधु अरोड़ा ने कहा कि हमारे महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सतीश यादव ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रतियोगिता में डॉ ललिता गॉड एवं डॉ. अजय कुमार ने शानदार मंच संचालन किया। इस मौके पर डॉ. राजेश कुंडू, डॉ नीलम दहिया, डॉ. मीनू शर्मा, डॉ. कौशल फौगाट, डॉ. संजय कात्याल, डॉ. रवि श्योराण, डॉ. प्रदीप सिंह, डा. हरीश कुमार, डॉ. मुकेश कई प्राध्यापक मौजूद रहे।


एथलीट मीट में भाग लेते खिलाड़ी।


# पोलिंग पार्टियों का पहला प्रशिक्षण आज

● राजकीय कन्या महाविद्यालय में दिया जाएगा प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिले में निकाय चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत मंगलवार 25 फरवरी को सभी संबंधित निकाय क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियों का पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अजय कुमार ने सोमवार को बताया कि इन प्रशिक्षण शिविर में पोलिंग पार्टियों को मतदान करवाने की पूरी प्रक्रिया समझाई जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी 2 मार्च को गुरुग्राम में 905 बूथ, मानेसर नगर निगम में 96 बूथ, सोहना नगर परिषद में 47 व नगर परिषद पटौदी जाटौली मंडी में 45 बूथ सहित नगर पालिका फर्रुखनगर में 16 बूथ पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए 1109 पोलिंग पार्टियां बनाई गई है व 333 रिजर्व पोलिंग पार्टियां बनाई गई है। उन्होंने बताया सम्पूर्ण चुनावी प्रक्रिया को सरल व सुगम रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधित निकाय क्षेत्र में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा चिन्हित स्थान पर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार उसी स्थान पर आगामी एक मार्च शनिवार को उन्हें अंतिम प्रशिक्षण देने उपरान्त मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग पार्टियों के सभी सदस्यों को इस बाबत आरओ कार्यालय द्वारा सूचना भिजवा दी गयी है। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी, एक वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी तथा दो मतदान अधिकारी शामिल हैं। जिन बूथों पर मतदाताओं की संख्या एक हजार से अधिक है वहां एक अतिरिक्त मतदान अधिकारी सहित कुल पांच लोगों की पोलिंग पार्टी भेजी जाएगी। जिन कर्मचारियों और अधिकारियों की चुनाव में बूथ पर मतदान के लिए ड्यूटी लगाई गई है, वे सभी ट्रेनिंग के दौरान मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले संबंधित कमर्चारियों पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चूंकि गुरुग्राम में सर्वाधिक बूथ है। ऐसे में निगम के 36 वार्डों को 6 सहायक रिटर्निंग अधिकारी में विभाजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन सभी 36 वार्डो के 905 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण राजकीय कन्या महाविद्यालय में छह अलग अलग स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

## अधिकारियों की गैर मौजूदगी से डीसी नाराज

**गुरुग्राम।** सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण में गैर हाजिर रहने वाले 280 अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अजय कुमार ने ये निर्देश दिए हैं। बता दें कि जिला में जारी निकाय चुनाव प्रक्रिया के तहत 20 व 21 फरवरी को 1783 पीठासीन अधिकारियों का चार शिफ्ट में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान 280 अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान गैर हाजिर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने इन सभी अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना आचरण से नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि आगामी दो मार्च तक किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी के लिए निकाय चुनाव से महत्वपूर्ण कोई कार्य नहीं है।

# भाजपा मेयर प्रत्याशी को ऑटो रिक्शा यूनियन का समर्थन

● चालक अपने ऑटो पर प्रवीण बत्रा जोशी के स्टीकर लगाकर करेंगे प्रचार, संदीप जोशी ने की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भाजपा से मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी लगातार मजबूत होती जा रही हैं। ऑटो रिक्शा चालक भी उनके समर्थन में आ गए हैं। मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के पति संदीप जोशी ने ऑटो पर स्टीकर लगाकर चुनाव प्रचार की शुरूआत की। मौके पर सैंकड़ों ऑटो चालकों ने अपने ऑटो पर भाजपा उम्मीदवार के स्टीकर लगाए।

समर्थन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप जोशी ने कहा कि भाजपा हर गरीब की आवाज है। गरीबों के हक-हकूक भाजपा में ही सुरक्षित हैं। भाजपा हर वर्ग को लाभकारी योजनाओं का लाभ दे रही है।समाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा सरकार ने ही लाभ पहुंचाने का काम किया है। सभी के अधिकार भाजपा सरकार में सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के चुनाव में भी जीत दर्ज करके भाजपा ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने जा रही है। विकास के काम को गति देने के लिए हर स्तर पर भाजपा की सरकार होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरियां, हर वर्ग को योजनाओं का लाभ, लाखों गरीबों को मुफ्त राशन समेत अनेक योजनाएं चलाकर लाभ दिया जा रहा है। सांसद कृष्णपाल गुर्जर केंद्र सरकार की योजनाओं से अपने लोकसभा क्षेत्र में विकास करने का काम कर रहे हैं। भाजपा नेता मुकेश शर्मा ने कहा कि अभी तक फरीदाबाद में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। अब ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का अवसर लोगों के पास है। इस अवसर का हमें अपने बेहतर भविष्य के लिए लाभ उठाना है।

यूनियन के अध्यक्ष शिव दूबे, महासचिव जोगेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा, उपप्रधान कप्तान सिंह, संगठन मंत्री दिनेश चौहान, प्रचार मंत्री रामजी त्रिवारी, ऑफिस मंत्री प्रदीप दूबे, श्याम पंडित, प्रधान अजय सिंह, यूनियन के प्रधान भोपाल सिंह, उपप्रधान हंसराज भाटी, महासचिव घनश्याम, सहसचिव गणेश, संगठन मंत्री मुकेश भडाना, राजेंद्र ठाकुर, सलाहकार केपी सिंह, रणजीत, गौरव, परमानन्द, विशाल और समस्त ऑटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष वासदेव भील अहेरिया समेत हजारों ऑटो चालकों ने भाजपा उम्मीदवार जोशी का समर्थन किया।


ऑटो पर स्टीकर लगाकर चुनाव प्रचार की शुरुआत करते संदीप जोशी।

## संक्षिप्त समाचार


अपनी माता के जन्मदिन पर बुजुर्गों को फल बांटते आशीष जैन।

### बुजुर्गों और गरीब मरीजों में फल बांटकर मनाया जन्मदिन

**फरीदाबाद।** शहर के प्रसिद्ध युवा उद्योगपति व अल्फा अभिराशी ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन ने अपने बेटे रियांश जैन के साथ मिलकर अपने और अपनी स्वर्गीय माता श्रीमति जया कोठारी के जन्मदिन पर बीके अस्पताल में गरीब मरीजों में फल बांटे। इसके पश्चात वे अपने परिवार सहित 2 नंबर स्थित ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम गए और वहां बुजुर्गो को फल बांटे और उनके साथ समय बिताकर उनसे आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर आशीष जैन ने कहा कि मेरी स्व. माता श्रीमति जया कोठारी ने हमेशा मुझे बेसहारा और गरीब लोगों की मदद करने की प्रेरणा दी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए आज में ऐसे कार्य पर निकला जिससे मेरी माताजी की आत्मा भी प्रसन्न होगी। उन्होनें कहा कि अगर संपन्न परिवार के लोग अपने जीवन में से थोड़ा सा समय निकालकर बुजुर्गो के साथ बिताएगें तो यह बेसहारा नहीं कहलाएगें। आशीषी जैन ने कहा कि में भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उसने मुझे इस काबिल बनाया कि में समाज के वंचित वर्ग और बुजुर्गो के चेहरे पर थोड़ी खुशी ला पाया।

### नशा मुक्त समाज के लिए जागरूकता अनिवार्यः डीसी

**फरीदाबाद।** नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूकता और कड़े नियमों को अनिवार्य किया जाना जरूरी है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से गुप्त कार्यवाही करें यह निर्देश सोमवार को डीसी विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में एनकोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहे। डीसी ने कहा कि सभी मेडिकल स्टोर के अन्दर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं या नहीं प्रत्येक सप्ताह चैकिंग करके सुनिश्चित करें। सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवाने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों पर कार्यवाही करें। जिला में नशा करने वालों और नशीले पदार्थ बेचने वालों की गम्भीरता से निगरानी की जाए। सभी नशा पुनर्वास केंद्रों की जांच करें और जो लोग वहां से इलाज कराके जा चुके है उनके बारे में भी समय समय पर जानकारी ले कि कहीं वह दोबारा नशा तो नहीं कर रहे। साथ ही ऐसे नशा पुनर्वास केंद्रों पर भी निगरानी करे जो रजिस्टर्ड नहीं है। डीसी ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के बारे में जागरूकता फैलाने और जनता को संवेदनशील बनाने में शिक्षा विभाग और ड्रग कंट्रोल सेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। बैठक में डीसीपी उषा, एसीपी महेश श्योराण, एसीपी विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

### विदेशी नागरिक को ठहराने वाला होटल संचालक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** होटल में विदेशी नागरिक को बिना पुलिस को सूचित किए ठहराने/रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना सेक्टर-50 की पुलिस टीम ने सेक्टर-51 स्थित एक होटल के संचालक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान प्रवेश निवासी सेक्टर-51, गुरुग्राम के रूप में हुई। आरोपी होटल संचालक ने अपने होटल में एक विदेशी नागरिक को ठहराया हुआ था। इसकी सूचना आरोपी होटल संचालक ने पुलिस को नहीं दी थी। ना ही सी-फॉर्म के माध्यम से पुलिस को सूचित किया। जिस पर आरोपी होटल संचालक के विरुद्ध पुलिस थाना सेक्टर-50, गुरुग्राम में फॉर्नर एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक लाने को तैयार नगर निगम

● क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में हो रहा सुधार, नाइट स्वीपिंग पर भी जोर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंक लाने को तैयार है। सर्वेक्षण की शर्तों के अनुसार नगर निगम इलाके में अच्छा काम कर रहा है। निगम क्षेत्र से डोर-टू डोर कूड़ा उठान प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। लिगेसी वेस्ट का ट्रोमल मशीन के द्वारा निष्पादन किया जा रहा है। इसी के साथ निगम के सफाई कर्मचारी नाइट स्वीपिंग भी कर रहे है।

नगर निगम आयुक्त रेनू सोगन के आदेशानुसार निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में हॉट स्पॉट की पहचान शुरू करके उनकी सफाई शुरू करवा दी गई है। नाले और नालियों की निरंतर सफाई करवाई जा रही है। सार्वजनिक शौचालयों की तरफ भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

आयुक्त ने निगम की स्वच्छता शाखा को क्षेत्र में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाये रखने के आदेश दिए है। इसी के साथ नगर निगम की ओर से स्कूली बच्चों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, पार्कों व सरकारी दिवारों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरुकता संदेश लिखवाये जा रहे है।

# विभिन्न संस्कृतियों से रूबरू हुए गुजरात के युवा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नेहरू युवा केंद्र की ओर से केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित 5 दिवसीय गुजरात-हरियाणा अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रतिनिधि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत आयोजित पांच दिवसीय गुजरात हरियाणा युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में सूरजकुंड मेले का भ्रमण किया जिसमें गुजरात के युवाओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति और खानपान से रूबरू हुए।

जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक ने बताया कि यह कार्यक्रम अलग-अलग राज्यों में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में 27 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जो एक-दूसरे राज्य की कला, संस्कृति, भाषा, बोली, खान-पान, रहन सहन के बारे में जानेंगे। साथ ही प्रतिभागियों को फरीदाबाद के विभिन्न ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण भी कराया गया। तत्पश्चात राजा नाहर सिंह महल, प्राचीन प्रसून मंदिर, इस्कॉन मंदिर, सिद्धार्थ आश्रम का भ्रमण कर फरीदाबाद की संस्कृति को जाना। अंत में एलिम्को इंडस्ट्री का विजिट किया और उसके बाद सभी प्रतिभागियों को वर्ल्ड स्ट्रीट का भ्रमण कराया। कार्यक्रम में करिश्मा, पुष्पेंद्र ठाकुर, दीपक, गायत्री राठौर, हिमांशु, विजयपाल, सौरभ, देवानंद, सिद्धि, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।



युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत फरीदाबाद पहुंचे गुजरात के युवा।

## प्राचीन शिव मंदिर बघौला में मूर्ति स्थापना 26 को

**पलवल।** बघौला के प्राचीन शिव मंदिर में जीर्णोद्वार के बाद 26 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्ति स्थापना की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में खेल मंत्री गौरव गौतम, पलवल डीसी हरीश वशिष्ठ, एसपी चंद्र मोहन, पलवल से समाजसेवी अमर चंद पाठक, गिर्राज पाठक, आजाद पाठक व राहुल पाठक समेत इलाके के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया गया है। आयोजक नानक चंद भारद्वाज ने बताया कि इस प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण 1890 से पूर्व उनके पूर्वजों की ओर से कराया गया था। हाईवे पर फ्लाईओवर निर्माण के चलते इसे जीर्णोद्वार कर दोबारा बनाया गया है। जिसमें शिव परिवार, श्री हनुमान जी व दुर्गा मां की भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी।

# परीक्षा केंद्र दूर करने पर इप्सा ने जताया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की तरफ से हरियाणा शिक्षा बोर्ड के द्वारा जारी किए गए बोर्ड के दूर दराज के परीक्षा सैन्टरो को देखते हुए एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि बोर्ड के नियमों के अनुसार विद्यार्थियों का सेंटर पांच किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए लेकिन परीक्षा केन्द्रों की दूरी इस बार 15-20 किलोमीटर की रखी है। उन इलाकों में यातायात की व्यवस्था तक नहीं है ऐसे इलाकों में सेंटर भेजा गया है। उन्होंने आगे बताया विद्यालयों के स्टाफ को भी दूर दराज के विद्यालयों में परीक्षा सेंटर भेजा गया है। जिस कारण से उन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में दो दिन पहले जारी किए गए इन बदलावों से वह परेशान है, क्योंकि अधिकाश स्कूलों में परीक्षाएं चल रही है। ऐसे में स्टाफ की ड्यूटी दूरस्थ होने के कारण वह परेशान है।

इस प्रेसवार्ता में मौजूद इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप गुप्ता, जनरल सैकेटी व ट्रैजरार डॉ राजेश मदान, वाइज प्रेसिडेट अमित जैन, ज्वाईट सैकेट्री डॉ शोभित आजाद, पीआरओ डॉ भूपेन्द्र श्योरान, सुंदर गौर, दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि हमारे विद्यालय तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों की ड्यूटी उनके कार्यस्थल से 15-20 किलोमीटर की दूरी पर अन्य विद्यालयों में लगाई गई है।


प्रेसवार्ता के दौरान इप्सा पदाधिकारी।

# आबकारी व कराधान आयुक्त ने जीएसटी एमनेस्टी योजना के महत्व पर दिया बल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

आबकारी एवं कराधान आयुक्त, हरियाणा विनय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर-12 स्थित आबकारी एवं कराधान कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त जेईटीसी, उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त डीईटीसी, आबकारी एवं कराधान अधिकारी ईटीओ तथा सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारियों एईटीओ ने भाग लिया।

बैठक में आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने जीएसटी एमनेस्टी योजना के महत्व पर बल दिया, जिसे केंद्र सरकार द्वारा घोषित किया गया है और हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत लागू किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र करदाताओं तक इस योजना की जानकारी पहुंचे और वे इसका अधिकतम लाभ उठा सकें।

**जुर्माना एवं ब्याज में छूटः** योजना के तहत पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज और जुर्माने में राहत दी जाएगी, जिससे उनकी कुल देयता में कमी आएगी।

**पात्रताः** यह योजना उन करदाताओं के लिए लागू होगी, जिन पर वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए हरियाणा जीएसटी अधिनियम-2017 की धारा-73 के तहत बकाया कर देनदारी है। इसके अतिरिक्त, बैठक में कर चोरी रोकने और राजस्व रिसाव पर नियंत्रण हेतु कर प्रवर्तन तंत्र को और मजबूत करने पर जोर दिया गया।

# जेसी बोस विवि में वैदिक गणित पर कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

जेसी बोस विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वैदिक गणित- एक परिचय विषय पर विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता वैदिक गणित के विशेषज्ञ शिक्षाविद डॉ. राकेश भाटिया रहे।

संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने डॉ राकेश भाटिया का परिचय दिया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। डॉ.पवन सिंह ने वैदिक गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा प्राचीन एवं समृद्ध है। वर्तमान पीढ़ी को इसकी गहनता को जानने की आवश्यकता है। सर पद्मपत सिंघानिया एज्यूकेशन सेंटर कानपुर के वैदिक गणित के शिक्षक डॉ. राकेश भाटिया ने छात्रों को वैदिक गणित की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के विषय पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को वेद-वेदांगों में समाहित गणितीय संक्रियाओं से परिचित कराया।



# विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ना हमारा लक्ष्यः मनोज

● एसडीआईटी के निदेशक ने किया श्री विश्वकर्मा कौशल विवि का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक कैप्टन मनोज कुमार ने सोमवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का भ्रमण किया और कौशल विकास से रोज़गार को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं का जायज़ा लिया। उनके साथ अतिरिक्त निदेशक राजकुमार और सहायक निदेशक मनोज सैनी भी मौजूद थे। कुलसचिव प्रोफ़ेसर ज्योति राणा ने उनके सामने विश्वविद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में उद्योग की साझेदारी के साथ विभिन्न रोज़गारपरक कोर्स चलाए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से विद्यार्थी रोज़गार के साथ सीधे जुड़ रहे हैं। ज्योति राणा ने विश्वविद्यालय के ढांचागत विकास के बारे में भी जानकारी दी।

अधिकारियों का दल विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस को देखने भी पहुंचा और वहां अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अकादमिक भवनों एवं विश्वविद्यालय परिसर में जारी परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया। मनोज कुमार ने कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा विद्यार्थियों को कौशल के माध्यम से रोज़गार से जोड़ना हमारा लक्ष्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सबको एकजुट प्रयास करना है। इस अवसर पर अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आरएस राठौड़, डीन प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव, प्रोफ़ेसर ऊषा बत्रा, प्रोफ़ेसर जॉय कुरियाकोजे, डॉ. संजय राठौड़, डॉ. मनी कंवर, डॉ. रवीन्द्र, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. ललित शर्मा, संजीव तायल, एसडीओ नरेश संधु एवं धीरज कंबोज भी उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 25 फरवरी 2025



# भारत, ब्रिटेन ने व्यापार समझौते पर बातचीत फिर शुरू की

**नई दिल्ली ( भाषा )।** भारत और ब्रिटेन ने सोमवार को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता बहाल करने की घोषणा की। इससे अगले 10 वर्षों में दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 20 अरब डॉलर से दोगुना या तिगुना होने की उम्मीद है। यह घोषणा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने यहां की। बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया, आज भारत गणराज्य और ब्रिटेन ने दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत फिर से शुरू की है। दोनों पक्ष एक संतुलित, पारस्परिक रूप से लाभकारी और प्रगतिशील समझौते की दिशा में वार्ता पुन: आरंभ करने पर सहमत हुए हैं, जिससे पारस्परिक वृद्धि हो सके और दोनों पूरक अर्थव्यवस्थाओं की ताकत बढ़े।

इसमें कहा गया है कि व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने से दोनों देशों के बीच व्यापार और उपभोक्ताओं के लिए अवसर खुलेंगे तथा पहले से ही गहरे संबंधों को और मजबूत किया जा सकेगा। गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि यह समझौता अग्रणी होगा और हमारे मौजूदा 20 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को अगले 10 वर्षों में संभवत: दो या तीन गुना तक बढ़ाने के लिए बड़े अवसर प्रदान करेगा।

वार्ता समाप्त करने की समय-सीमा के बारे में उन्होंने कहा कि एक अच्छे समझौते को समाप्त करने के लिए कभी भी बहुत जल्दी या बहुत देर नहीं होती है क्योंकि ए समझौते दीर्घकालिक भविष्य के लिए होते हैं। गोयल ने कहा, हमें भविष्य में 20-30-50 साल तक की दूरदृष्टि रखनी होगी और एक मजबूत समझौता करना होगा जो दोनों पक्षों के लिए जीत की स्थिति हो और इसलिए हमें किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, बल्कि हमेशा जल्दी से जल्दी निष्कर्ष निकालना चाहिए। इसलिए हमारे पास गति तो होगी लेकिन जल्दबाजी नहीं होगी। रेनॉल्ड्स ने कहा कि यह ब्रिटेन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस तरह के समझौते दीर्घकालिक भविष्य के बारे में हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत एफटीए के साथ ही पूरी हो जाएगी, गोयल ने कहा कि दोनों देश तीन अलग-अलग मोर्चों - एफटीए, द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) और दोहरे



अंशदान कन्वेंशन समझौते पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ...और ए तीनों समानांतर और एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। गोयल ने यह भी कहा कि आव्रजन कभी भी विश्व में कहीं भी व्यापार वार्ता का हिस्सा नहीं रहा है और भारत ने कभी भी एफटीए वार्ता में आव्रजन पर चर्चा नहीं की है।

इस पर रेनॉल्ड्स ने कहा कि ब्रिटेन भारत से आने वाले लोगों के साथ हमारे महत्वपूर्ण संबंधों का स्वागत करता है, चाहे वे अध्ययन के लिए हों, या व्यवसाय का हिस्सा बनने के लिए और जाहिर है कि व्यवसाय की गतिशीलता आव्रजन से अलग मुद्दा है। गोयल ने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों में भारतीय छात्र शिक्षा के लिए यात्रा करते हैं।

भारत-ब्रिटेन एफटीए वार्ता 13 जनवरी, 2022 को शुरू हुई थी। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। ऐसे समझौतों में, दो देश अपने बीच व्यापार किए जाने वाले अधिकतम सामानों पर सीमा शुल्क को या तो समाप्त कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं। वे सेवाओं और द्विपक्षीय निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के मानदंडों को भी आसान बनाते हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 20.36 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 21.34 अरब डॉलर हो गया।

## महाशिवरात्रि पर संभल में भी श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ने की संभावना, सुरक्षा के व्यापकप्रबंध

**संभल ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 46 साल बाद खुले खग्गू सराय के प्राचीन श्री कार्तिक महादेव मंदिर और जिले के अन्य मंदिरों में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ने की संभावना है, जिसके मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, हमने संभल में मंदिरों का निरीक्षण किया है। पिछले साल दिसंबर में 46 वर्ष बाद खुले कार्तिकेय महादेव मंदिर और कांवड़ियों की अपेक्षित आमद के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा भीड़ खग्गू सराय के कार्तिक महादेव मंदिर, वेरानी शिव मंदिर और सादात बड़ी शिव मंदिर में उमड़ने की संभावना है। व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं और टूटी सड़कों से जुड़ी शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान चलाए गए हैं, ड्यूटी लगाई गई है, सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और गश्त जारी है। आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन और अगली सुबह मेडिकल टीमें मौके पर तैनात रहेंगी। इसके अलावा, श्रद्धालुओं की किसी भी समस्या के समाधान के लिए एक सामान्य नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। श्री कार्तिक महादेव मंदिर (भस्म शंकर मंदिर) को 13 दिसंबर को फिर से खोल दिया गया था। अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान उन्हें यह ढका हुआ ढांचा मिला था। मंदिर में भगवान हनुमान की मूर्ति और एक शिवलिंग था। यह मंदिर साल 1978 से बंद था। मंदिर के पास एक कुआं भी है जिसे अधिकारियों ने फिर से खोलने की योजना बनाई थी।

## मंदिर पर अतिक्रमण के खिलाफ संभल के सिरसी में लगाए गए मकान बिकाऊ है के पोस्टर

**संभल ( भाषा )।** संभल जिले में सिरसी कस्बे के कुछ निवासियों ने चामुंडा मंदिर में दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए अपने घरों पर मकान बिकाऊहै के पोस्टर लगाए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इस कदम का उद्देश्य स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने इस बारे में कहा कि चामुंडा मंदिर की 650 वर्ग मीटर जमीन पर कथित अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, 100 वर्ग मीटर जमीन पर बने एक घर पर अब भी कानूनी कार्यवाही चल रही है और प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा, मंदिर परिसर में अब कोई अतिक्रमण नहीं है, न ही किसी को निर्माण से रोका जा रहा है। नगर निगम भी जमीन पर बाड़ लगा रहा है। कुछ लोग कानून-व्यवस्था का मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर पेंसिया ने कहा कि पहले उन्हें समझाया जाएगा, क्योंकि उन्हें गुमराह किया गया है। उन्होंने कहा, यह इलाका पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त है और जहां अतिक्रमण है, उसे कानूनी प्रक्रिया के जरिए हटाया जाएगा। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि चामुंडा देवी मंदिर 1962 से सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है। उनका कहना है कि कुछ लोगों ने इसके प्रवेश द्वार पर कब्जा कर लिया है जिसे पारंपरिक रूप से बच्चों के दफनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। एक निवासी ने कहा, इसलिए हमने मकान बिकाऊ है के पोस्टर लगाए और अधिकारियों से शिकायत की।

## हम ऐसा जम्मू-कश्मीर चाहते हैं जहां आतंकवाद के कारण किसी की जान न जाए: अमित शाह

**नई दिल्ली ( भाषा )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में शांति है और यह शांति स्थाई होनी चाहिए तथा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का लक्ष्य ऐसा जम्मू कश्मीर बनाना है जहां आतंकवाद के कारण किसी की जान नहीं जाए। वतन को जानो युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय राजधानी आए जम्मू-कश्मीर के युवाओं से बातचीत में शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को किसी भी अन्य राज्य के लोगों की तरह पूरे देश पर समान अधिकार हैं और पूरा भारत केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को प्यार और सम्मान की नजर से देखता है। उन्होंने कहा कि जब आतंकवाद खत्म हो जाएगा तो पुलिस की तैनाती की जरूरत नहीं होगी।

# फडणवीस ने मंत्रियों के ओएसडी, निजी सचिव के तौर पर 109 नामों को मंजूरी दी

**मुंबई ( भाषा )।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि उन्होंने निजी सचिव या ओएसडी के पद पर नियुक्ति के लिए कैबिनेट मंत्रियों द्वारा सुझाए गए 125 नामों में से 109 को मंजूरी दे दी, लेकिन अन्य को मंजूरी नहीं दी, क्योंकि वे या तो जांच का सामना कर रहे हैं या उन्हें बिचौलिए के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, मुझे 125 अधिकारियों के नाम मिले हैं, जिन्हें मेरे कैबिनेट सहयोगी निजी सचिव या विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में नियुक्त करना चाहते थे। इनमें से मैंने 109 के नामों को मंजूरी दे दी है। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, शेष (16) लोगों के नामों को मंजूरी न देने के पीछे कारण यह है कि या तो उन अधिकारियों के खिलाफ कोई जांच चल रही है या फिर प्रशासनिक हलकों में उन्हें बिचौलिए के रूप में जाना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बाकी (16) विभिन्न प्रकार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, भले ही इससे किसी को ठेस पहुंचे, मैं ऐसे नामों को मंजूरी नहीं दूंगा। फडणवीस ने कृषि मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता माणिकराव कोकाटे को भी उनकी इस टिप्पणी के लिए आड़े हाथों



लिया कि निजी सचिव और ओएसडी को भी मुख्यमंत्री नियुक्त करते हैं, हमारे हाथ में कुछ नहीं है।

कोकाटे ने कहा, उन्होंने (फडणवीस ने) कहा कि जो भी मंत्री सरकार की योजना से भटकने की कोशिश करेगा, उसे अपना पद गंवाना पड़ेगा। हमारे हाथ में कुछ नहीं बचा है, क्योंकि निजी सचिव और ओएसडी भी मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। हमें अब काम करना होगा। कृषि मंत्री की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि कोकाटे को शायद यह नहीं पता कि निजी सचिव और ओएसडी की नियुक्ति को मंजूरी देना मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में आज से 27 फरवरी तक वीआईपी दर्शन पर रोक

**वाराणसी ( भाषा )।** महाकुंभ के बाद वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ को देखते हुए 25 से 27 फरवरी तक वीआईपी दर्शन (विशिष्ट लोगों के लिए दर्शन) की व्यवस्था पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि महाकुंभ में स्नान के बाद आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को होने के कारण देश के विभिन्न प्रान्तों से दर्शनार्थियों का हुजूम आने की सम्भावना है। इसे देखते हुए आगामी 25 से 27 तक मंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में विभिन्न अखाड़ों के साधु, संत और नागा साधु श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इस अवसर पर नागा अखाड़ों द्वारा शोभा यात्रा निकाल कर दर्शन पूजन किया जाएगा जिससे मंदिर के द्वार संख्या 4 से सामान्य जन प्रवेश बाधित रहेगा। इसके कारण सामान्य दर्शन में लगे श्रद्धालुओं की प्रतीक्षा अवधि बढ़ने की संभावना रहेगी।

मिश्रा ने कहा कि बढ़ती गर्मी और उमस के वर्तमान वातावरण में अत्यधिक प्रतीक्षा अवधि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है। इसे देखते हुए भी 25 फरवरी से 27 फरवरी तक किसी भी प्रकार के वीआईपी दर्शन व्यवस्था को पूरी तरह से बंद किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष महाशिवरात्रि पर्व पर 12 लाख श्रद्धालु काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे थे लेकिन इस बार महाकुंभ वर्ष होने के कारण यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व काशी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। महाकुंभ के अवसर पर प्रतिदिन छह से नौ लाख लोग बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन कर रहे हैं। महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार 10 से 12 लाख श्रद्धालुओं के बाबा दरबार में आने की संभावना है। भीड़ को देखते हुए मंदिर के चारों द्वार में कतारों की संख्या बढ़ाई गई है। अखाड़ों और नागा साधुओं के लिए दर्शन-पूजन का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बाकी के समय में आम जनता के लिए दर्शन की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा और अन्य सुविधाओं की दृष्टि से मंदिर परिसर में जगह जगह पीने का पानी, ओआरएस, ग्लूकोज, शेड (विश्राम के लिए स्थान), मेडिकल सुविधा, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था की गई है।

काशी जोन के पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने बताया कि भक्तों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस प्रशासन ने वाराणसी में 55 स्थानों को चिह्नित किया है जहां अवरोधक लगाए जाएंगे। काशी विश्वनाथ धाम परिसर को जोन और सेक्टर में विभाजित कर 13 सेक्टर में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। गोदौलिया से मैदागिन चौराहे तक नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। साथ ही दशाश्वमेध घाट तक अवरोधक को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए आठ यातायात इंस्पेक्टर, 24 यातायात सब-इंस्पेक्टर, 164 हेड कॉन्स्टेबल और 300 से अधिक होमगार्ड के जवान तैनात किए जाएंगे।

# पेज 1 का शेष

## जंगलराज....

कभी भी किसानों का कल्याण सुनिश्चित नहीं कर सकते।' बिहार को 'पूर्वी भारत का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ' बताते हुए मोदी ने कहा कि विकसित भारत में इस राज्य को प्राचीन मगध साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र जैसा ही गौरव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा, 'एनडीए सरकार हमारी भव्य प्राचीन विरासत को संरक्षित करने और समृद्ध भविष्य हासिल करने के लिए काम कर रही है... लेकिन जंगल राज वाले हमारी विरासत और आस्था से नफरत करते हैं।' प्रधानमंत्री ने राजद और उसकी सहयोगी कांग्रेस पर राज्य में सत्ता साझा करते हुए 'बिहार को बर्बाद और बदनाम करने' का भी आरोप लगाया। मोदी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं की चर्चा की, जिसके तहत फसल बीमा के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है, और दावा किया कि यह 'पिछली सरकारों, जिन्होंने किसानों को संकट में छोड़ दिया था' से बहुत दूर है। उन्होंने यह भी कहा कि 'कृषि निर्यात में हाल ही में हुई वृद्धि से किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिलने लगे हैं। अब बिहार के मखाना का समय आ गया है। यह एक सुपरफूड है, जिसे मैं भी साल के अधिकांश दिनों में खाता हूं। यही कारण है कि हमने बजट में मखाना बोर्ड की स्थापना की घोषणा की है।' संयोगवश, समारोह स्थल पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री को मखानों की माला भेंट की गई, जिसके बारे में माना जाता है कि इससे भौतिक और आध्यात्मिक लाभ मिलता है। अपने भाषणों में स्थानीय स्वाद भरने के लिए प्रसिद्ध प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत अंगिका बोली में की तथा भागलपुर के निकट प्राचीन शिक्षा केन्द्र विक्रमशिला और भगवान शिव को समर्पित अजगैबीनाथ मंदिर का उल्लेख किया। समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, गिरिराज सिंह और चिराग पासवान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## दिल्ली विस..

मंत्रिमंडल में शामिल छह मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। इसके बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और गृह मंत्री आशीष सूद ने शपथ ली। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाबी में, जबकि कानून एवं न्याय मंत्री कपिल मिश्रा ने संस्कृत में शपथ ग्रहण की। कई अन्य विधायकों ने अलग-अलग भाषाओं में शपथ ली। करनैल सिंह ने शपथ ग्रहण के लिए पंजाबी, जबकि प्रद्युम्न राजपूत और नीलम पहलवान ने संस्कृत को चुना। वहीं, भाजपा के तरविंदर मारवाह ने शपथ ग्रहण के बाद धार्मिक नारे लगाए, जिस पर प्रोटेम स्पीकर ने आपत्ति जताई और उन्हें याद दिलाया कि यह गुरुद्वारा नहीं है। अमानतुल्ला खान और चौधरी जुबैर ने उर्दू, चंदन चौधरी ने मैथिली, अजय दत्त ने अंग्रेजी और गजेंद्र यादव ने संस्कृत में शपथ ली। इस दौरान, प्रोटेम स्पीकर सदस्यों को लगातार शपथ के आधिकारिक प्रारूप का पालन करने का निर्देश देते रहे। संस्कृत में शपथ ग्रहण करने वाले अन्य विधायकों में संजय गोयल, जितेंद्र महाजन, अजय महावर और करनैल सिंह शामिल हैं। वहीं, अनिल झा ने मैथिली में शपथ ग्रहण की। विपक्ष की नेता और कालकाजी सीट से विधायक आतिशी ने भी शपथ ली। वहीं, चलने में दिक्कत के कारण गोपाल राय ने आतिशी की मदद से अपनी सीट से ही शपथ ली। मोहन सिंह बिष्ट शपथ लेने वाले आखिरी विधायक थे।

## दिल्ली वालों...

योग्य नहीं थीं, अब 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। आम आदमी पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक ने कहा कि इस फैसले से हाउस टैक्स की आड़ में चल रहे भ्रष्टाचार की कमर टूटेगी, मंगलवार को एमसीडी सदन में वह इस प्रस्ताव को पास कर देंगे। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, नेता दुर्गेश पाठक, महापौर महेश खींची और नेता सदन मुकेश गोयल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा से आम लोगों के फायदे और उनकी जिंदगी में आसान बनाने का काम किया है। खिंची ने कहा कि आप ने हमेशा अपना वादा पूरा किया है और हालिया फैसला गृह स्वामियों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। एमसीडी 12,000 संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की योजना पर भी आगे बढ़ रही है। इसके अलावा पिछले दो वर्षों में 8,000 कर्मचारियों को पहले ही स्थाई किया जा चुका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कर माफी योजना से न केवल मकान मालिकों को राहत मिलेगी, बल्कि कर संग्रह में पारदर्शिता भी आएगी और भ्रष्टाचार में कमी आएगी। आप ने लगातार आम आदमी के कल्याण के लिए काम किया है और यह निर्णय उस प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। इसे आप के नेतृत्व वाली एमसीडी का ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से हजारों परिवारों को राहत मिलेगी जो वर्षों से अत्यधिक गृह कर के बोझ तले दबे हुए हैं। आप के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि इस कदम से कर संग्रह में भ्रष्टाचार खत्म होगा क्योंकि कई मकान मालिकों को बकाया राशि का भुगतान नहीं करने के कारण अधिकारियों द्वारा परेशान किया जाता था। पिछले प्रशासन के तहत गृह कर का इस्तेमाल अक्सर रिश्वत लेने के साधन के रूप में किया जाता था, जिससे एमसीडी के राजस्व में नुकसान होता था। उनकी पार्टी के नगर निकाय की कमान संभालने से पहले एमसीडी कर्मचारियों को वर्षों तक समय पर वेतन नहीं मिला, लेकिन दिल्ली में पिछली आप सरकार के तहत बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ उन्हें समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया गया।

## 2020-21 से...

जाने वाली प्राथमिकता वाली दर्शन सुविधाओं से भी होती है, जिसके लिए समिति द्वारा अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है।

## सुरंग में..

अधिकारियों ने यह भी बताया कि वे सुरंग में मिट्टी के टीलों के मलबे को साफ करके दुर्घटना स्थल तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्गों की तलाश कर रहे हैं। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में एसएलबीसी परियोजना में शनिवार को सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद सुरंग के अंदर 48 घंटे से अधिक समय से फंसे आठ लोगों को निकालने के लिए भारतीय सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के अथक प्रयासों के बावजूद बचाव अभियान में अब तक कोई सफलता नहीं मिली है।

## मोटापे...

पूर्व टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा, पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान, सांसद सुप्रिया सुले और पूर्व वुशु खिलाड़ी कुलदीप हांडू शामिल हैं। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था की जरूरत है, बल्कि एक स्वस्थ आबादी की भी जरूरत है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, छोटे-छोटे बदलाव, जैसे कि खाना पकाने के तेल का 10 प्रतिशत कम उपयोग करना भी बड़ा योगदान दे सकता हैअ यह योगदान आपकी सेहत के लिए हो सकता है, आपके बटुए के लिए हो सकता है या फिर एक स्वस्थ दुनिया के लिए हो सकता है। इस आह्वान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद। महिंद्रा ने फिल्म अभिनेता अनिल कपूर, अभिनेत्री गुल पनाग, जरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ, शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद और बैडमिंटन चैंपियन पीवी सिंधु को नामित किया। नीलेकणी ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी कई लाभों के अलावा, खाद्य तेल के कम उपयोग से आयात पर निर्भरता कम होने और मूल्यवान संसाधनों की बचत होने से देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा, आहार में बदलाव के अलावा मैंने मोटापे और इससे जुड़ी समस्याओं को नियंत्रित रखने के लिए रोजाना व्यायाम भी शामिल किया है। नीलेकणी ने गोयनका समूह के अध्यक्ष हर्ष गोयनका, शेफ ऋतु डालमिया, मिंत्रा के संस्थापक मुकेश बंसल, कोटक महिंद्रा बैंक के निदेशक उदय कोटक सहित अन्य को नामित किया। मोटापे के खिलाफ जंग की जोरदार वकालत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को प्रसारित अपने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से भोजन में कम तेल का उपयोग करने और 10 प्रतिशत तेल का सेवन कम करने की चुनौती 10 अन्य लोगों को सौंपने का आग्रह किया था।

## बांग्लादेश में...

हालांकि, रिपोर्टों में कहा गया है कि यह घटना हवाई अड्डे के विस्तार की परियोजना के कारण हुई, जिसके लिए पड़ोस के लोगों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है और इस प्रस्ताव का कुछ लोगों ने विरोध किया था। यह हमला गृह मामलों के सलाहकार, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एम. जहांगीर आलम चौधरी द्वारा सुबह-सुबह संवाददाता सम्मेलन में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराए जाने के कुछ घंटों बाद हुआ। उन्होंने सोमवार को लगभग 3 बजे ढाका में अपने आवास पर मीडिया को बताया कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पूर्ववर्ती अवामी लीग सरकार के सहयोगी देश को अस्थिर करना चाहते हैं, लेकिन किसी भी तरह से उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आतंकवादी कहीं भी खड़े न हो सकें और किसी भी कीमत पर अपराधों को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को देश भर में अपनी गश्त को मजबूत करने के लिए कहा गया है। बांग्लादेश के सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन डेविल हंट नामक दो सप्ताह की कार्वाई में 8,600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कथित तौर पर अपदस्थ हसीना सरकार से जुड़े गिरोहों को निशाना बनाया गया था। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, ऑपरेशन डेविल हंट जारी रहेगा और हम अपराधियों को सोने या आराम करने नहीं देंगे। मैंने सुरक्षा बलों को गश्त बढ़ाने का आदेश दिया है।

# बाल गवाह सक्षम, सबूतों को सिरे से खारिज नहीं कर सकते: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली( भाषा )।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि बाल गवाह एक सक्षम गवाह होता है और उसके साक्ष्य को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता। इसी के साथ शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को खारिज करते हुए एक व्यक्ति को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि साक्ष्य अधिनियम में गवाह के लिए कोई न्यूनतम उम्र निर्धारित नहीं की गई है और बाल गवाह की गवाही, जिसे गवाही देने में सक्षम पाया जाता है, साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होगी।

पति द्वारा एक महिला की हत्या से जुड़े मौजूदा मामले में पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जो यह दर्शाता हो कि पीड़ित की बेटी एक प्रशिक्षित गवाह थी। अदालत ने कहा, अदालतों के सामने अक्सर ऐसे मामले आते हैं जहां पति, तनावपूर्ण वैवाहिक संबंधों और चरित्र के बारे में संदेह के कारण, पत्नी की हत्या करने की हद तक



चले जाते हैं। पीठ ने कहा कि इस तरह के अपराध आम तौर पर घर के अंदर पूरी गोपनीयता के साथ किए जाते हैं और अभियोजन पक्ष के लिए साक्ष्य पेश करना बहुत मुश्किल हो जाता है।

पीठ ने कहा कि साक्ष्य अधिनियम की धारा 118 के अनुसार, किसी बाल गवाह का साक्ष्य दर्ज करने से पहले, अधीनस्थ अदालत द्वारा प्रारंभिक जांच की जानी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या गवाह साक्ष्य देने की पवित्रता और उससे पूछे जा रहे सवालों के महत्व को समझने में सक्षम है। सर्वोच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जून 2010 में उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर अपना फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय ने 2003 में एक महिला की हत्या के आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया था। फैसले में कहा गया कि पीड़िता की बेटी (जो घटना के समय सात साल की थी) गवाही देने में सक्षम पाई गई, लेकिन उसकी गवाही बहुत कमजोर प्रतीत हुई खासकर पुलिस के सामने उसका बयान दर्ज करने में 18 दिन की देरी को देखते हुए। शीर्ष अदालत ने अपील स्वीकार कर ली और उच्च न्यायालय के फैसले को खारिज कर दिया। इसने अधीनस्थ अदालत के उस फैसले को बहाल कर दिया जिसमें व्यक्ति को दोषी ठहराया गया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। पीठ ने उसे सजा भुगतने के लिए चार सप्ताह के भीतर अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया।

# मध्यप्रदेश में निवेश का यह सही समय : मोदी

**भोपाल ( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि मजबूत प्रतिभाओं तथा फलते-फूलते उद्योगों के साथ मध्यप्रदेश एक पसंदीदा व्यापार स्थल बन रहा है और राज्य में निवेश करने का यह सही समय है। निवेश मध्य प्रदेश - वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा, भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा अवसर आया है, जब पूरी दुनिया इसको लेकर इतनी आशावादी है। उन्होंने कहा कि आम लोग और अर्थशास्त्री, दुनिया भर के देश तथा संस्थान भारत के बारे में आशावादी हैं और उन्हें भारत से बहुत उम्मीदें हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए मध्यप्रदेश की असीम संभावनाओं को प्रदर्शित करना है।

मोदी ने कहा, दुनिया का भविष्य भारत में है ...पिछले कुछ हफ्तों में इस तरह की टिप्पणियों ने निवेशकों का उत्साह बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व बैंक ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विनियमन आयोग राज्यों में निवेश के अनुकूल नियामक परिवेश बनाने में मदद करेगा।

मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक एयरोस्पेस कंपनियों के लिए शीर्ष आपूर्ति शृंखला के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कपड़ा, पर्यटन और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आने वाले वर्षों में करोड़ों नौकरियां सृजित होंगी। उन्होंने कहा, पिछले दशक में, भारत के ऊर्जा क्षेत्र ने अभूतपूर्व वृद्धि की है, खासकर हरित ऊर्जा में। भारत ने वह कर दिखाया है जो अकल्पनीय था। मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्ष में, अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 70 अरब डॉलर, यानी 5000 अरब रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। पिछले वर्ष ही, स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 10 लाख से अधिक नौकरियां उत्तपन्न हुईं। ऊर्जा क्षेत्र में इस उछाल से मध्यप्रदेश को बहुत लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश सरकार की 18 नई नीतियों का भी अनावरण किया, जिनका उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करना है।

मोदी ने कहा, बेहतरीन प्रतिभाओं और संपन्न उद्योगों के साथ, मध्य प्रदेश एक पसंदीदा व्यवसाय स्थल बन रहा है। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद विकास की गति दोगुनी हो गई है। मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश भारत में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में क्रांति लाने वाले अग्रणी राज्यों में से एक है। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश, जहां कभी सड़कें वाहन चलाने लायक नहीं थीं, बसें नहीं चल पाती थीं.. वहां ई-वाहन क्रांति हो रही है। जनवरी 2025 तक मध्य प्रदेश में करीब दो लाख ईवी पंजीकृत हो चुके हैं। यह 90 प्रतिशत की वृद्धि है। यह दर्शाता है कि मध्यप्रदेश एक नया विनिर्माण गंतव्य बन रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि देश में स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में अनेक अवसर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशकों में मध्यप्रदेश में काफी बदलाव हुए हैं। मोदी ने कहा कि यहां बिजली-पानी से जुड़ी समस्याएं थीं और कानून-व्यवस्था और भी बदतर थी। ऐसे में औद्योगिक विकास मुश्किल था। लेकिन पिछले 20 वर्ष में लोगों के सहयोग से भाजपा की प्रदेश सरकार ने शासन पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी ने कहा कि दो दशक पहले लोग यहां (मध्यप्रदेश में) निवेश करने से दूर रहते थे और अब यह निवेश के लिए देश के शीर्ष राज्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के एक संगठन ने भारत को सौर ऊर्जा महाशक्ति कहा था।

